प्रेस नोट

शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के अधीन विद्यालयों के लिए 52वीं युवा संसद प्रतियोगिता, 2017-2018 का पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार, 23 अक्तूबर, 2018 को अपराह्न 3.00 बजे, जीएमसी बालयोगी सभागार, संसद ग्रंथालय भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

2. प्रो. रमेश चंद, सदस्य, नीति आयोग समारोह के मुख्य अतिथि थे। श्री बी.एस. भाटी, सदस्य, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। पुरस्कार विजेता विद्यालयों तथा विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में उनके योग्य निष्पादन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।

3. भारती पब्लिक स्कूल, स्वास्थ्य विहार, दिल्ली को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर "पंडित मोतीलाल नेहरू संसदीय चल वैजयंती" प्रदान की गई। निम्नलिखित आठ विद्यालयों को प्रतियोागिता में उनके योग्य निष्पादन के लिए योग्यता ट्राफियां प्रदान की गईं:-

1. राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, नई बस्ती किशन गंज, दिल्ली
2. डीटीईए, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लक्ष्मीबाई नगर, नई दिल्ली।
3. हैप्पी स्कूल, पदम चंद मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली।
4. रूकमणी देवी पब्लिक स्कूल, सीडी ब्लॉक पीतमपुरा, दिल्ली।

5. एसबी मिल्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी मार्ग, कर्मपुरा, दिल्ली।
6. विशाल भारती पब्लिक स्कूल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली।
7. सर्वोदय विद्यालय, जाफरपुर कलां, नई दिल्ली।
8. राजकीय सह-शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-2, द्वारका, नई दिल्ली।

4. वर्ष 1966 में संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक साधारण सी शुरूआत के साथ दिल्ली प्रशासन के 16 विद्यालयों में पहली बार प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। युवा संसद योजना अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के 1200 विद्यालयों, 1200 केंद्रीय विद्यालयों, 600 जवाहर नवोदय विद्यालयों और पूरे देश के 300 विश्वविद्यालयों/कॉलेजों में चलाई जा रही है।

5. युवा संसद योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को संसद की प्रक्रिया और पद्धतियों, चर्चा और वाद-विवाद की तकनीकों से अवगत कराना और उनमें नेतृत्व के गुण, स्व-अनुशासन की भावना, विविध विचारों के प्रति उदारता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के गुण विकसित करना है - और ये सभी लोकतंत्र के प्रमाणचिह्न हैं।

****